कैसी तेरी लीला , कैसा ये तेरा खेल

कैसी तेरी लीला , कैसा ये तेरा खेल ,
तेरे होते भगवन , क्यों हो गया मैं फेल,

वादा किया था तूने , मुझको जिताएगा ,
बिगड़ा नसीबा मेरा, फिर से बनाएगा,
बिगड़ गया क्यों कान्हा, फिर ये सारा खेल,
तेरे होते भगवन ,क्यों हो गया मैं फेल,

कैसी तेरी लीला , कैसा ये तेरा खेल ,
तेरे होते भगवन , क्यों हो गया मैं फेल,

सब कुछ गंवाया मेने, कुछ ना बचा हैं,
खेल ये कान्हा तूने, कैसा रचा हैं,
बिखर गया हैं जीवन, खतम हो गया खेल,
तेरे होते भगवन, क्यों हो गया में फेल,

कैसी तेरी लीला , कैसा ये तेरा खेल ,
तेरे होते भगवन , क्यों हो गया मैं फेल,

जो तूने बोला मेने, सब वो किया हैं,
पूरा भरोसा कान्हा, तुझपे किया हैं,
टूटे ना भरोसा, दिखाओ ऐसा खेल,
तेरे होते भगवन,क्यों हो जाऊ मैं फेल ,

कैसी तेरी लीला , कैसा ये तेरा खेल ,
तेरे होते भगवन , क्यों हो गया मैं फेल,

Bhajan Lyrics - Jay Prakash Verma, Indore

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/34558/title/kaisi-teri-leela---kaisa-ye-tera-khel

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |